केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

14.02.2020



**प्रिय विद्यार्थी, अभिभावक, प्रधानाचार्य और अध्यापक**

सीबीएसई की वर्ष 2020 में दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के आरम्भ होने की पूर्व संध्या पर मैं आप सभी को आगामी परीक्षा में शानदार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आप सभी से एक विनम्र अपील भी है कि इस दौरान तनावग्रस्त न हों। माता-पिता कृपया बच्चों को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन देना सुनिश्चित करें और उन्हें परिणामों के बारे में चिंता किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करें। बोर्ड ने सम्पूर्ण भारत और विदेश में इन परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए विस्तृत तैयारी की है। यह वास्तव में एक बड़ा कार्य है, जिसमें आपके निरंतर सहयोग की अपेक्षा और आवश्यकता है।

कक्षा दसवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2020 से 20 मार्च 2020 तक और कक्षा बारहवीं की 15 फरवरी 2020 से 30 मार्च 2020 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत प्रबंध किए गए हैं:

- मुख्य विषयों के बीच डेट-शीट में उपयुक्त अंतराल दिए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।
- स्थानीय प्रशासन, शहर समन्वयक, कस्टोडियन, केंद्र अधीक्षक और पर्यवेक्षकों सहित विभिन्न हितधारकों को आवश्यक जानकारी/दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
- हाल ही में शहर समन्वयक, कस्टोडियन, केंद्र अधीक्षक, प्रेक्षक, अन्वीक्षक और विद्यार्थियों को संबोधित करने के लिए एक वेबकास्ट कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था ताकि सभी आवश्यक निर्देशों से अवगत हो सकें।

➢ युवाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की नीति के अनुरूप, बोर्ड ने ऐसे विद्यार्थियों के लिए कक्षा दसवीं/बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को बाद के चरण में संचालित करने के द्वारा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है, जो राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भाग ले रहे हैं।

➢ पुलवामा हमले के मद्देनजर, वर्ष 2019 में बोर्ड ने सशस्त्र बलों और अर्ध-सैन्य बलों के शहीदों के प्रतिपाल्यों को कुछ छूट दी थी। इसी तरह इस वर्ष भी, सीबीएसई ने सशस्त्र बलों और पैरा-मिलिट्री के इस अवधि के दौरान शहीद कार्मिकों के वार्डों को निम्नलिखित छूट दी हैं:-

क) उसी शहर या अन्य शहर में परीक्षा केंद्र में परिवर्तन

ख) अभ्यर्थी की प्रैक्टिकल परीक्षा छूट जाने पर, अभ्यर्थी की सुविधा के अनुसार 02 अप्रैल, 2020 तक की अनुमति दी जाएगी।

ग) यदि किसी भी प्रदत विषय में वे बाद में परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी।

ऐसे अभ्यर्थियों को 31.01.2020 तक विद्यालय के माध्यम से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से अनुरोध करने की सलाह दी गई थी।

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार विशिष्ट अभ्यर्थियों / विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों को छूट दी गई हैं। अतिरिक्त समय, लिपिक/पाठक, कंप्यूटर/लैपटॉप (इंटरनेट के बिना) के अतिरिक्त, इस वर्ष से CWSN श्रेणी के तहत पहले से पंजीकृत सभी अभ्यर्थियों को कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा -2020 के लिए सरल बेसिक कैलकुलेटर की अनुमति दी जाएगी।

इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 1889878 और कक्षा बारहवीं में 1206893 अभ्यर्थी हैं। इनमें से कक्षा 10 में 788195 लड़कियां, 1101664 लड़के और 19 ट्रांसजेंडर हैं, जबकि कक्षा 12 में 522819 लड़कियां, 684068 लड़के और 6 ट्रांसजेंडर हैं।

बोर्ड ने बेंचमार्क विकलांगता वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार दृष्टिबाधित, डिस्लेक्सिक्स, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्पसटिक, लोकोमोटर इम्पैरमेंट, बौनापन और अन्य सहित चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (CWSN) श्रेणियों के तहत अभ्यर्थियों की कुल संख्या भारत में कक्षा 10 में 6844 और कक्षा 12 में 3718 हैं। विदेशी विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकताओं वाले पंजीकृत अभ्यर्थी कक्षा 10 में 216 और कक्षा 12 में 126 हैं।

परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए, बोर्ड ने कक्षा 10 के लिए 5376 और कक्षा 12 के लिए 4983 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इस साल भारत में कक्षा 10 के लिए विद्यालयों की संख्या 20398 और कक्षा 12 के लिए 13119 हैं। विदेश स्थित विद्यालयों में कक्षा 10 के लिए 79 और कक्षा 12 के लिए 72 केंद्र हैं। कक्षा 10 के लिए विदेश स्थित विद्यालयों की संख्या 193 और कक्षा 12 के लिए 143 है।

**इस प्रकार पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है:**

| विद्यालय | कक्षा 10 | कक्षा 12 |
|---|---|---|
| सरकारी सहायता प्राप्त | 17158 | 14340 |
| सरकारी | 224393 | 158095 |
| स्वतंत्र | 1512282 | 936480 |
| जेएनवी | 40443 | 29165 |
| केवी | 94649 | 68205 |
| सीटीएसए | 953 | 608 |
| कुल | 1889878 | 1206893 |

**इसी प्रकार, दिल्ली क्षेत्र में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या है:**

| विद्यालय | कक्षा 10 | कक्षा 12 |
|---|---|---|
| सरकारी सहायता प्राप्त | 14847 | 12810 |
| सरकारी | 161399 | 120461 |
| स्वतंत्र | 128756 | 99053 |
| जेएनवी | 145 | 127 |
| केवी | 7985 | 7652 |

| | | |
|---|---|---|
| सीटीएसए | 0 | 0 |
| कुल | 313132 | 240103 |

विदेश स्थित विद्यालयों में कक्षा 10वीं में कुल 23844 और कक्षा 12वीं में 16103 परीक्षार्थी हैं। इनमें से, निजी विद्यालयों से 23755 अभ्यर्थी 10वीं कक्षा के लिए पंजीकृत हैं और 12वीं कक्षा के लिए 15980 पंजीकृत हैं, जबकि केंद्रीय विद्यालय से 10वीं कक्षा में 89 अभ्यर्थी और 12वीं कक्षा में 123 अभ्यर्थी हैं।

**यदि हम श्रेणीवार पंजीकृत अभ्यर्थियों को देखें, तो ये निम्नवत हैं:**

| **श्रेणी** | **कक्षा 10** | **कक्षा 12** |
|---|---|---|
| सामान्य | 1093619 | 763842 |
| एससी | 153777 | 94689 |
| एसटी | 68887 | 42918 |
| ओबीसी | 573595 | 305444 |
| कुल | 1889878 | 1206893 |

**बोर्ड परीक्षा 2020 के लिए निम्न सूचना प्रौद्योगिकी पहल की गई हैं:**

**1.** सटीक डेटा सुनिश्चित करने के लिए, बोर्ड ने विसंगतियों की पहचान करने के लिए, विभिन्न गुणवत्ता जांचों के लिए पोर्टल्स का एकीकरण किया है।

**2.** विद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ तीव्र संचार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए दो नए पोर्टल विकसित किए गए हैं।

**3.** परीक्षा **2020** के लिए केंद्र सामग्री की इमेज के साथ कस्टोडियन और केंद्र अधीक्षक की फोटो टैगिंग को जोड़ा गया है। यह सामग्री के सुरक्षित संग्रह और वितरण के लिए किया गया है।

**4.** परीक्षा **2020** के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं से संबंधित क्यूआर कोड के साथ प्रवेश पत्रों को पुनः डिजाइन किया गया और ऑनलाइन डाउनलोडिंग के लिए उपलब्ध कराया गया।

**5.** प्रक्टिकल परीक्षा प्रयोगशालाओं, परीक्षकों और परीक्षा छवियों/इमेज की फोटो टैगिंग के साथ कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए आंतरिक मूल्यांकन और साथ ही प्रैक्टिकल अंक के प्रस्तुतीकरण के लिए एकीकृत पोर्टल विकसित किया गया।

**6.** इस वर्ष एन्क्रिप्टेड प्रश्न पत्रों की संख्या **19** से बढ़ाकर **50** कर दी गई है।

**7.** अनुपस्थित विद्यार्थियों का रियल टाइम डेटा एकत्र करने के लिए पोर्टल को मजबूत किया गया है।

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)


मुझे उम्मीद है कि विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन किया जाएगा, जिसमें प्रवेश पत्र पर माता-पिता द्वारा हस्ताक्षर करना भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक और बेहतर होगा कि:

- विद्यार्थी परीक्षा केंद्र के सही स्थान की पहचान करने और सही अवस्थिति सुनिश्चित करने के लिए परीक्षाएं शुरू होने से कम से कम एक दिन पहले आवंटित परीक्षा केंद्र पर जाएं।
- परीक्षा के दिनों में उन्हें परीक्षा केंद्र पर 9.45 बजे या इससे पूर्व पहुंचना होगा और परीक्षा हॉल में सुबह 10.00 बजे या उससे पूर्व बैठ जाएं। सुबह 10.00 बजे के बाद किसी भी विद्यार्थी को अनुमति नहीं दी जाएगी।
- विद्यार्थी परीक्षा के दिन विद्यालय की वर्दी अवश्य पहन कर जाएं और विद्यालय पहचान पत्र साथ ले जाएं।
- वे केवल एक पारदर्शी थैली में ऐसी स्टेशनरी ही लेकर जाएं जिसकी अनुमति हो।
- वे सेल फोन, वॉलेट, पर्स, चिट या कागज के टुकड़े, पुराने प्रश्न पत्र या ऐसी कोई भी चीज नहीं ले जाएं जिनसे अनुचित साधनों के प्रयोग की जाने का संदेह पैदा होने की संभावना हो।
- विद्याथियों को परीक्षा हॉल में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना चाहिए और वे परीक्षाओं के दौरान अनुशासन में रहें।
- उन्हें प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ना चाहिए और उत्तर पुस्तिका पर दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए और जहाँ भी आवश्यक हो, सटीक और संगत विवरण भरें।
- विद्यार्थी अफवाहों पर विश्वास करने या इसे फ़ैलाने से बचें।
- कोई भी संदेहास्पद गतिविधि/अफवाह मिलने पर, इसे तुरंत माता-पिता/अभिभावकों और सीबीएसई के संज्ञान में लाएं।

**आपकी भरपूर सफलता और सुखद समय की मंगलकामनाओं के साथ,**

अनुराग त्रिपाठी

**अनुराग त्रिपाठी**
**सचिव सी.बी.एस.ई.**